# आकाशवाणी भोपाल
## दोपहर समाचार

**दिनांक 21.12.2024** **समय: 2.10 PM**

प्रधानमंत्री–कुवैत प्रस्थान

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज से दो दिन की कुवैत यात्रा पर हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत कई पीढियों से कुवैत के साथ के अपने ऐतिहासिक संबंधों को बहुत महत्व देता रहा है। उन्होंने कहा कि दोनों देश न केवल व्यापार और ऊर्जा में मजबूत भागीदार हैं, बल्कि पश्चिम एशिया क्षेत्र में शांति, सुरक्षा, स्थिरता और समृद्धि में भी दोनों के साझा हित हैं।

मुख्यमंत्री भूमिपूजन

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज उज्जैन में आईटी पार्क का भूमिपूजन करेंगे। उज्जैन आईटी पार्क लगभग 46 करोड़ रुपए की लागत से बनने जा रहा है। आईटी पार्क स्थापित होने से क्षेत्र में आईटी, आईटीएस, ईएसडीएम सेक्टर में निवेश के नए आयाम स्थापित होंगे और युवाओं को बड़ी संख्या में रोजगार मिलेगा। इसके अलावा मुख्यमंत्री उज्जैन में विभिन्न कार्यक्रमों में भी शामिल होंगे।

मुख्यमंत्री नदी जोड़ो परियोजना

मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव ने इंदौर में जनकल्याण पर्व के तहत 1 हजार 249 करोड़ रूपये से अधिक की लागत के विकास कार्यों का लोकार्पण और भूमिपूजन किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा है कि नदी जोड़ो परियोजना प्रदेश में विकास की नयी इबारत लिखेंगी। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश देश का ऐसा पहला राज्य है जहां 2 नदी जोड़ो परियोजनाओं पर एक साथ कार्य हो रहा है। इन परियोजनाओं के माध्यम से नदियों को आपस में जोड़कर पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी के सपनों को साकार किया जा रहा है।

विश्व ध्यान दिवस

आज प्रथम विश्व ध्यान दिवस है। इस दिवस का आयोजन शांति और कल्याण की भावना से तथा होशपूर्वक जीवन जीने के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से प्रारंभ

किया गया है। समझा जाता है कि तनाव, हिंसा और सामाजिक असंतोष सहित कई वैश्विक चुनौतियों का समाधान कर सकने की क्षमता ध्यान में है। मुख्यमंत्री डा. मोहन यादव उज्जैन में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होंगे।

मौसम

प्रदेश में मौसम का मिजाज बदल गया है। पिछले कुछ दिनों से जारी कड़ाके ठंड से थोड़ी राहत मिली है। प्रदेश में बर्फीली हवा का असर कम होते ही रात का तापमान 6.9 डिग्री तक बढ़ गया है। मौसम विभाग का कहना है कि अभी ठंड का असर और भी कम होगा। लेकिन 25 दिसंबर से तेज सर्दी का दूसरा दौर आएगा। सर्दी से पहले प्रदेश के उत्तरी हिस्से में कोहरे का असर बना रहेगा। मौसम विभाग के अनुसार उत्तर–पश्चिम हिस्से में एक पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय है। वहीं, एक और सिस्टम 27 दिसंबर से सक्रिय हो रहा है। इनके गुजरने के बाद ठंड का असर बढ़ेगा, क्योंकि पहाड़ों में बर्फबारी होगी। जिससे उत्तरी हवा फिर से चलने लगेंगी।

महिला क्रिकेट

कुआलालंपुर में अंडर–19 महिला टी20 एशिया कप के फाइनल में कल भारत का मुकाबला बांग्लादेश से होगा। यह मैच भारतीय समयानुसार सुबह 7 बजे शुरू होगा। वहीं भारत और वेस्टइंडीज की महिला क्रिकेट टीमों के बीच तीन एक दिवसीय क्रिकेट मैचों की श्रृंखला का पहला मैच कल वडोदरा में खेला जाएगा। यह मैच दिन में डेढ़ बजे शुरू होगा।

संक्षिप्त समाचार

- शासन द्वारा विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से वंछित पात्र हितग्राहियों को लाभ दिलाने के लिए मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान के अंतर्गत बालाघाट जिले के लांजी में शिविर आयोजित हुआ।

- बुरहानपुर जिले के ग्रामीण अंचलों में पशुपालन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से डूईफोडिया क्षेत्र में एक कार्यशाला का आयोजन किया गया।

- शिवपुरी जिले में राज्य शिक्षा केंद्र के निर्देशानुसार विशेष आवश्यकता वाले बच्चों के लिए चिकित्सीय मूल्यांकन शिविर का आयोजन कल बदरवास में किया गया।

- शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय पन्ना में 24 दिसम्बर को बेरोजगार युवाओं के लिये जिला स्तरीय रोजगार मेला आयोजित किया जाएगा।

- जबलपुर में लोकायुक्त पुलिस ने बिजली कंपनी के डीजीएम और उसके सहयोगी को 30 हजार रुपए रिश्वत लेते रंगेहाथ पकड़ा है।

- नर्मदापुरम जिले में गांव की ओर अभियान और मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान के तहत शासन की योजनाओं की जानकारी और वंचित पात्र हितग्राहियों का सर्वे घर–घर जाकर किया जा रहा है।

................................